1914 से विश्वास का प्रतीक
बिहार राज्य सहकारी बैंक लि०
The Bihar State Co-operative Bank Ltd.
ASHOK RAJPATH, PATNA - 800 004
Phone : 0612-3298351, 3298350, 3298024, EPBX, 2300364, 2300324
Fax : 2300262, 2300662 Telegram : "APEXCOBANK" PATNA

# ग्राहक सेवा सहयोगी / सहायक (बहुउद्देशीय) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन मुख्य (चरण-II) परीक्षा

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी ।

### परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति | 40 | 40 | 30 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 2 | कंप्यूटर ज्ञान | 40 | 40 | 20 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 3 | सामान्य सचेतता | 40 | 40 | 20 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 4(a) | अंग्रेजी भाषा * | 40 | 40 | 20 मिनट | अंग्रेजी |
| 4(b) | हिन्दी भाषा * | 40 | 40 | | हिन्दी |
| 5 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 40 | 40 | 30 मिनट | अंग्रेजी और हिन्दी |
| | **कुल** | **200** | **200** | **120 मिनट** | |

*** उम्मीदवार अंग्रेजी भाषा अथवा हिन्दी भाषा में से केवल कोई एक चुन सकते है।**

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा और हिन्दी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । आप किसी भी प्रश्न का उत्तर उस प्रश्नावली के लिए आबंटित समय के दौरान ही दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## तर्कशक्ति

**प्र.1-5.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?

एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा । नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।

(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए
(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए
(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंथन के बाद वाला दिन हो
(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसीसे तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए
(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.1.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E (4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?
(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

**प्र.3.** नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?
(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौन सा नाटक सोमवार को है ?
(1) E (2) A (3) F (4) B (5) C

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौन सा नाटक B के तुरंत बाद होगा ?
(1) F (2) E (3) D (4) C (5) A

**प्र.6.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.7.** यदि शब्द “DEPRESSION” के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.8.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाए से तेरहवा अक्षर कौन सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.9.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## कंप्यूटर ज्ञान

**प्र.1.** आपके कंप्यूटर का प्रत्येक कांपोनेन्ट या तो _________
(1) सॉफ्टवेयर या CPU / RAM होता है (2) हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर होता है
(3) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर या सिस्टम सॉफ्टवेयर होता है (4) इनपुट डिवाइस या आउटपुट डिवाइस होता है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** निम्नलिखित में से कौनसी एक लोकप्रिय कंप्यूटर भाषा है ?
(1) A + (2) BA + (3) C ++ (4) CA + (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** CPU का कार्य _________

(1) पाठ्यांश का बाह्य भंडारण उपलब्ध कराना है (2) मुद्रित प्रति सर्जित करना है
(3) नया सॉफ्टवेयर सर्जित करना है (4) सूचना और अनुदेशों को पढ़ना, उनका निर्वचन करना और उन्हें प्रोसेस करना है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** ओरेकल एक _________ है ।

(1) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर (2) डाटा बेस (3) एंटीवायरस सॉफ्टवेयर (4) प्रोग्राम (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** एक NIC डाटा को प्रथक टुकड़ों (discrete chunks) में भेजती है जिन्हें _________ कहा जाता है ।

(1) सेगमेंट्स (2) सेक्शन्स (3) फ्रेम्स (4) लेयर्स (5) फ्रेगमेंट्स

**प्र.6.** _________ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।

(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) माउस (4) की बोर्ड (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.7.** RAM का पूरा रुप क्या है ?

(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory
(4) Random Access Mouse (5) इनमें से कोई नहीं

## सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी जागरूकता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (know your customer) योजना शुरू की है ?

(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड
(4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धि तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?

(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?

(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुड़ा है और पदम विभूषण से सन्मानित किया गया है?

(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम. एस. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन
(4) श्री एल्. के. अडवानी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** मौद्रिक नीति का संबंध _______ से है ?

(1) मुद्राकी आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रम -विक्रम (3) रोजगार घटाने होने
(4) (1), (2) और (3) सभी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

**Q.1.** Read the sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. That part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error. (5)

**Q.2-3. Directions :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word most opposite in meaning of the word given in capitals.

**Q.2.** LIVELY

(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**Q.3.** INADVERTENT

(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**Q.4.** Pick out from the words given below this sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

He wants me to look ____ his garden during his absence.

(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

**Direction :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word nearest in meaning to the word given in capitals.

**Q.5.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly
(4) cruel (5) thoughtless

**Q.6.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) a hundred runs (5) a hundredth anniversary

## हिन्दी भाषा

**प्र.1.** नीचे दिये गये प्रश्न में एक वाक्य दिया गया है जिसके कुछ अंश रेखांकित कर दिये गये हैं । इस रेखांकित भाग में भाषा व्याकरण या शब्दों के गलत प्रयोग जैसी कोई त्रुटि हो सकती है । वाक्य के नीचे चार विकल्प सुझाये गये हैं जिनमें से कोई एक वाक्य के रेखांकित अंश के स्थान पर रख देने से वह वाक्य की त्रुटि दूर कर उस वाक्य को एक सार्थक वाक्य बना देता है । वह विकल्प कौनसा है यह ज्ञात कीजिये और उसे ही उत्तर के रूप में अंकित कीजिये । यदि रेखांकित अंश में कोई त्रुटि नहीं है और उसे बदलने की आवश्यकता नहीं है, तो उत्तर (5) होगा अर्थात 'संशोधन आवश्यक नहीं' ।

राजू की सारी बात नाना <u>चुप्पी लगा कर सुनते रहे</u> ।

(1) मौन व्रत धारण किये गुनते रहे (2) चुपचाप गुनगुनाते रहे
(3) ध्यानपूर्वक सुनते रहे पर बोले कुछ नहीं (4) ने यों सुनी जैसे वह किसी और से बात कर रहा हो
(5) संशोधन आवश्यक नहीं

**प्र.2-3.** नीचे दिये गये प्रश्नों मे से हरेक में एक वाक्य दिया गया है जिसे (1), (2), (3) और (4) भागों में बांटा गया है । वाक्य को पढ कर ज्ञात कीजिये कि वाक्य में शब्दों के गलत प्रयोग, वर्तनी या व्याकरण की कोई त्रुटि तो नहीं है । त्रुटि अगर होगी तो वाक्य के किसी एक ही भाग मे होगी । इस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । अगर वाक्य त्रुटिहीन है तो उत्तर (5) दीजिये अर्थात त्रुटि नहीं ।

**प्र.2.** जिस गॉव में बूढ़ा बूढ़ी रहते थे । (1) / उस गाँव को और आस पास की (2) / अनेक गॉवो को एक दैत्य (3) / बहुत परेशान करता था । (4) त्रुटी नहीं (5)

**प्र.3.** चट्टान के ऊपर (1) / एक जहरीला साँप सो रहा था (2) / और उसके मुंह से (3) / विष की एक एक बूदें टपक रही थी । (4) त्रुटी नहीं (5)

**प्र.4-5.** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक वाक्य दिया गया है जिसमें दो रिक्त स्थान दिये गये हैं । वाक्य के नीचे पांच उत्तर विकल्प सुझाये गये हैं जिनमें से प्रत्येक में दो-दो शब्द दिये गये हैं । आप वाक्य को पढ़ कर तय कीजिये कि किस उत्तर विकल्प के दोनों शब्द उसी क्रम से वाक्य के रिक्त स्थानों को इस प्रकार पूर्ण कर सकते हैं कि वह एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाये । उस उत्तर विकल्प का क्रमांक ही आपका उत्तर है ।

**प्र.4.** तुम चाहो तो उनकी इस _________ को चुटकियों में हल कर सकती हो, पर तुम ऐसा क्यों करने लगी; तुम्हारा तो उनके साथ जन्मजात _________ है ।

(1) बात, शत्रुता (2) समस्या, बैर (3) परेशानी, मित्रता (4) चिंता, दुश्मनी (5) अनिच्छा, उलझन

**प्र.5.** विमान की इस देरी के कारण आपको जो _________ हुई उसके लिये हमें _________ हैं, कह देने मात्र से ही यात्रियों की परेशानी तो दूर नहीं हो जाती है ।

(1) असुविधा, खेद (2) देरी, चिंता (3) चिंता, दुःख (4) विलंब, खुशी (5) दुविधा, खेद

## संख्यात्मक अभियोग्यता

**प्र.1.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** 2168 + 3154 + 2369 = ?

(1) 7791 (2) 7691 (3) 7681 (4) 7781 (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.4.** यदि 3 कामगारों ने 4 दिनों में 48 कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा किया तो 9 कामगार 2 दिनों में कितना कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा करेंगे ?

(1) 216 (2) 32 (3) 108 (4) 72 (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.5-7.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **30 से कम** | **30-39** | **40-49** | **50-59** | **60-69** | **70 और अधिक** |
| 260 और अधिक | **8** | **18** | **26** | **18** | **26** | **4** |
| 210 से 259 | **5** | **4** | **30** | **22** | **10** | **9** |
| 160 से 209 | **16** | **10** | **45** | **56** | **18** | **9** |
| 110 से 159 | **28** | **42** | **100** | **190** | **15** | **5** |
| 60 से 109 | **35** | **115** | **20** | **8** | **7** | **5** |
| 60 से कम | **32** | **32** | **20** | **4** | **6** | **2** |

**प्र.5.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.7.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## (अ) ऑनलाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो Ÿ&**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली(याँ) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिन्हित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, किसी एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) परीक्षा समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार निर्धारित प्रश्नावली संबंधित ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे ।

(17) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब)** **<u>सामान्य निर्देश</u> :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया बुलावा पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें / पर्यवेक्षक को सौंप दें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना / अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दिया जाएगा ।

(7) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन और इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक) अवश्य लाएं । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ़ वर्क करने के लिए आपको कागज़ का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर ड्रॉप बॉक्स में कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, पहचान प्रमाणपत्र की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए / पर्यवेक्षक को सौंपनी होगी।

(10) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा परिणाम सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है । उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(11) सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या मौखिक अथवा लिखित इलेक्ट्रानिक अथवा मैकेनिकल तरीके से परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(14) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" पर ध्यान दें ।

**आपको शुभकामनाएं**